# CROSS-BORDER FUND TRANSFER BENEFICIARY TERMS AND CONDITIONS

# क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर के लाभार्थी हेतु नियम और शर्तें

Version 2, Last modified: 01 October 2024

संस्करण 2, 1 अक्टूबर 2024 से प्रभावी

## 1. Introduction

## 1. परिचय

1.1 These terms and conditions ("**Terms**") govern the receipt of funds sent to you ("**Beneficiary**") from an individual who starts the money transfer ("**Sender**") through the cross-border fund transfer service provided by myZoi Financial Inclusion Technologies L.L.C ("**myZoi**"). By accepting these Terms, you agree to abide by the terms outlined here.

1 ये नियम और शर्तें ("शर्तें") उस व्यक्ति से आपको ("लाभार्थी") भेजे गए फंड की प्राप्ति को अभिशासित करती हैं, जो **myZoi वीतीय समावेशन टेक्नोलॉलीजज एलएलसी** ("**myZoi**") द्वारा प्रदान की गई क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर सेवा के माध्यम से फंड ट्रांसफर ("सेंडर") शुरू करता है। इन शर्तों को स्वीकार करके, आप यहां उल्लिखित शर्तों का पालन करने के लिए सहमति देते हैं।

1.2 Additional terms may apply when you access myZoi's mobile application ("**Mobile App**") via the Mobile App. These additional terms are imposed by the respective application marketplace such as Google Play Store, Amazon's Appstore, Huawei AppGallery, Apple App Store, and such other application marketplaces ("**Application Marketplace**") that we may use. These additional terms, form part of these Terms by way of reference and will be made available to you when you download the Mobile App.

**1.2** जब आप मोबाइल ऐप के माध्यम से **myZoi** के मोबाइल एप्लिकेशन ("मोबाइल ऐप") को एक्सेस करते हैं तो अतिरिक्त शर्तें लागू हो सकती हैं। ये अतिरिक्त शर्तें संबंधित एप्लिकेशन मार्केटप्लेस जैसे **Google Play Store, Amazon's Appstore, Huawei AppGallery, Apple App Store** और अन्य ऐसे एप्लिकेशन मार्केटप्लेस ("एप्लिकेशन मार्केटप्लेस") जिनका हम उपयोग कर सकते हैं, द्वारा लागू की गई हैं। ये अतिरिक्त शर्तें, जो संदर्भ के रूप में इन शर्तों का हिस्सा हैं और तब आपको उपलब्ध करा दी जाएंगी, जब आप मोबाइल ऐप डाउनलोड करते हैं।

1.3 In these Terms, “you” and “your” refer to the Beneficiary and “we,” “our,” and “us” refer to myZoi.

**1.3** इन शर्तों में, “आप “ और “आपका “ लाभार्थी को संदर्भित करते हैं और “हम,“ “हमारा,“ और “हमारे “myZoi को संदर्भित करते हैं।

1. **Registration with the Mobile App and Cross-border fund transfer process**

1. **मोबाइल ऐप और क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर प्रक्रिया में पंजीकरण**

2.1 The cross-border fund transfer service facilitated by myZoi allows the Sender to initiate the transfer of funds to you in accordance with the instructions provided by the Sender. You must be 18 years old or above to receive the funds and use the Mobile App.

**2.1** MyZoi द्वारा प्रदान की गई क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर सेवा, सेंडर को सेंडर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार आपको फंड ट्रांसफर शुरू करने की अनुमति देती है। फंड प्राप्त करने और मोबाइल ऐप का उपयोग करने के लिए आपकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी जरूरी है।

2.2 The Mobile App is freely accessible on the Application Marketplace, and you will need to register on the Mobile App and create an account (“**Account**”). This Account serves as a platform to use our Mobile App, providing you with access to various features and functionalities. For avoidance of doubt, by proceeding with this registration, you are creating a profile rather than opening a digital financial account.

**2.2** मोबाइल ऐप, एप्लिकेशन मार्केटप्लेस पर निःशुल्क रूप से उपलब्ध है, और आपको मोबाइल ऐप पर पंजीकरण करने और एक खाता (“खाता”) बनाने की आवश्यकता होगी। यह खाता हमारे मोबाइल ऐप का उपयोग करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जो आपको विभिन्न सुविधाओं और कार्यकारिताओं तक पहुंच प्रदान करता है। संदेह से बचने के लिए, इस पंजीकरण से माध्यम से, आप डिजिटल वित्तीय खाता खोलने के बजाय असल में एक प्रोफाइल बना रहे हैं।

2.3 The Sender shall initiate the cross-border fund transfer through the Mobile App by providing necessary information. To access the funds obtained through a cross-border fund transfer, the Beneficiary must consult the Mobile App for instructions and guidance pertaining to subsequent steps and necessary actions.

**2.3**सेंडर आवश्यक जानकारी प्रदान करके मोबाइल ऐप के माध्यम से क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू करेगा। क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर के माध्यम से प्राप्त फंड तक पहुंचने के लिए, लाभार्थी को बाद के चरणों और आवश्यक कार्यों से संबंधित निर्देशों और मार्गदर्शन हेतु मोबाइल ऐप से परामर्श लेना जरूरी है।

2.4 The Beneficiary acknowledges that the processing time for the cross-border fund transfer may vary based on factors such as banking hours, holidays, and the payment method chosen by the Sender.

**2.4**लाभार्थी स्वीकार करता है कि क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर के लिए प्रोसेसिंग समय बैंकिंग घंटों, छुट्टियों और सेंडर द्वारा चुनी गई पेमेंट विधि जैसे कारण  के आधार पर अलग-अलग  हो सकता है।

2.5 If the Beneficiary does not access the cross-border fund transfer or is unable to withdraw the funds within the timeframe specified on the Mobile App, myZoi will cancel the cross-border fund transfer. After cancelling, myZoi shall proceed to initiate the requisite protocols to reimburse the transferred sum to the Sender.

**2.5**यदि लाभार्थी क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर को एक्सेस नहीं कर पाता है अथवा मोबाइल ऐप पर निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर फंड निकालने में असमर्थ है, तो **myZoi** क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर रद्द कर देगा। रद्द करने के बाद, **myZoi** सेंडर द्वारा ट्रांसफर की गई राशि को  वापस करने के लिए अपेक्षित प्रोटोकॉल शुरू करने के लिए प्रकिया को आगे बढ़ायेगा।

2.6 myZoi reserves the right to refuse or delay a cross-border fund transfer if required by law, regulatory authorities, or internal policies.

**2.6**यदि कानून, नियम  प्राधिकरणों या आंतरिक नीतियों द्वारा आवश्यक होती है तो **myZoi** के पास क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर को अस्वीकार करने या उसमें देरी करने का अधिकार आरक्षित है।

**3. Verification and security protocols**

**3. सत्यापन और सुरक्षा प्रोटोकॉल**

3.1 The Beneficiary shall provide accurate and complete information to facilitate the cross-border fund transfer process, including identification information and documents, photograph, fingerprints, or other information as required by us, our cross-border fund transfer partners or regulatory authorities. You explicitly grant us permission to utilize these documents and information, as well as to store and process them for the intentions outlined in these Terms and myZoi's privacy notice available on the Mobile App and our website, the terms of which are incorporated into these Terms.

**3.1**लाभार्थी को क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने हेतु सही और पूरी जानकारी प्रदान करनी होगी, जिसमें पहचान जानकारी और दस्तावेज, फोटोग्राफ, उंगलियों के निशान या हमारे, हमारे क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर भागीदारों या नियम अधिकारियों द्वारा आवश्यक अन्य जानकारी शामिल है। आप स्पष्ट रूप से हमें इन दस्तावेजों और सूचनाओं का उपयोग करने की अनुमति देते हैं, साथ ही साथ इन शर्तों और मोबाइल ऐप और हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध **myZoi** की गोपनीयता नोटिस (सूचना) में उल्लिखित उद्देश्यों के लिए उन्हें एकतित्र और संसाधन करने की भी अनुमति प्रदान करते हैं, जिनकी शर्तें इन शर्तों में शामिल हैं। एकतित्र

3.2 We reserve the right to verify the identity of the Beneficiary and may request additional documentation to comply with anti-money laundering (AML) and know-your-customer (KYC) regulations. In case the discrepancies remain unresolved or if we are unable to successfully complete the Beneficiary verification process in accordance with our policies and requirements, we shall have the right to reject your request for the use of our Mobile App.

**3.2**हमारे पास लाभार्थी की पहचान सत्यापित करने का अधिकार आरक्षित है और एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग (एएमएल) और अपने ग्राहक को जाने (केवाईसी) नियमों का अनुपालन करने के लिए अतिरिक्त दस्तावेज का अनुरोध कर सकते हैं। यदि विसंगतियां अनसुलझी रहती हैं अथवा यदि हम अपनी नीतियों और आवश्यकताओं के अनुसार लाभार्थी सत्यापन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा नहीं कर पाते हैं, तो हमें अपने मोबाइल ऐप के उपयोग के लिए आपके अनुरोध को अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

3.3 It is your responsibility to ensure the security and confidentiality of your Account and password. You must not share, assign, transfer your Account, or disclose your password to any third party, or engage in any actions that may compromise the security of your Account. You will bear full responsibility for all actions or instructions carried out using your Account. Please be aware that you could be held accountable for any losses suffered by us or other users due to authorized or unauthorized use of your Account,

stemming from your failure to maintain the security and confidentiality of your Account information.

**3.3**अपने खाते और पासवर्ड की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है। आपको अपना खाता साझा नहीं करना चाहिए, सौंपना  नहीं चाहिए, ट्रांसफर नहीं करना चाहिए, अथवा अपना पासवर्ड किसी तीसरी पार्टी को नहीं बताना चाहिए, या किसी ऐसे कार्य में संलग्न नहीं होना चाहिए जिसके कारण आपके खाते की सुरक्षा में समझौता हो सकता हो। आप अपने खाते का उपयोग करके, किए गए सभी कार्यों या निर्देशों की पूरी जिम्मेदारी उठायेंगे। कृपया ध्यान रखें कि आपके खाते की जानकारी की सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखने में, आपकी विफलता के कारण आपके खाते के अधिकृत या अनधिकृत उपयोग के कारण, हमें या अन्य उपयोगकर्ताओं को होने वाले किसी भी नुकसान के लिए आपको ही जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

3.4 You understand that we may suspend or terminate your Account or your use of the Mobile App at any time without notice, if we suspect that any information / documents / authorisation that you have provided are untrue, inaccurate, not current, or incomplete, or your Account is no longer within our risk appetite or if you are in breach of any of these Terms.

**3.4**आप यह समझते हैं कि हम आपके खाते या मोबाइल ऐप के आपके उपयोग को किसी भी समय, बिना किसी सूचना के निलंबित या समाप्त कर सकते हैं, यदि हमें संदेह है कि आपके द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी / दस्तावेज / प्राधिकरण असत्य, गलत, नवीन नहीं है, या अधूरा है, या आपका खाता अब हमारी जोखिम क्षमता के अंतर्गत नहीं है अथवा यदि आप इनमें से किसी भी शर्त का उल्लंघन कर रहे हैं।

**4. Fees and Charges**

The Beneficiary will not incur any fees or charges for utilizing the Mobile App to receive cross-border fund transfers.

**4.** फीस और शुल्क

क्रॉस-बॉर्डर फंड ट्रांसफर प्राप्त करने के लिए मोबाइल ऐप का उपयोग करने हेतु लाभार्थी को कोई फीस या शुल्क नहीं देना होगा।

**5. Permitted use of the Mobile App**

## 5. मोबाइल ऐप के उपयोग की अनुमति

5.1 All materials accessible through and forming the foundation of the Mobile App (collectively referred to as "**Content**"), which encompass, but are not confined to, the software supporting our website and Mobile App or necessary for their operation, images, text, configurations, presentations, depictions, pictures, illustrations, audio and video snippets, HTML files, and other elements, along with logos and trademarks potentially employed on our website and Mobile App, are the rightful assets of myZoi and/or its licensors. These elements are safeguarded by copyright and/or other pertinent laws concerning intellectual property rights.

**5.1**मोबाइल ऐप (सामूहिक रूप से "सामग्री "के रूप में संदर्भित) के माध्यम से पहुंच योग्य और आधार बनाने वाली सभी सामग्रियां, जो हमारी वेबसाइट और मोबाइल ऐप का समर्थन करने वाले सॉफ्टवेयर या उनके संचालन, छवियों, पाठ, कॉन्फ़िगरेशन, प्रस्तुतियां, चित्रण, चित्र, आकृति, ऑडियो और वीडियो स्निपेट, एचटीएमएल फाइलें, और अन्य तत्व के लिए आवश्यक हैं, साथ में हमारी वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर ज़रूरी रूप से नियोजित लोगो और ट्रेडमार्क को शामिल करती हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, वे **myZoi** तथा/अथवा इसके लाइसेंसकर्ताओं की सही संपत्ति हैं। ये तत्व कॉपीराइट तथा/अथवा बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित अन्य प्रासंगिक कानूनों द्वारा सुरक्षित हैं।. मानसिक, बौद्धिक, दिमागी, आत्मिक

5.2 You are strictly prohibited from engaging in actions such as copying, reproducing, scraping, publishing, public communication, transmitting, selling, licensing, distributing, transferring, adapting, modifying, translating, disassembling, decompiling, reverse engineering, creating derivative works, or exploiting in any manner our website, the Mobile App, the Content, or any portion thereof. It is essential that you refrain from removing or obliterating any copyright, trademark, or proprietary rights notices from the Content, our website, or the Mobile App. Furthermore, you are required to reproduce all such notices on all authorized copies of the Content. Unauthorized use of our website, the Mobile App, and/or Content in violation of these Terms could potentially infringe upon copyright, trademark, and other relevant laws, and may result in appropriate legal actions.

**5.2**आपको सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है आप किसी भी तरीके से हमारी वेबसाइट, मोबाइल ऐप, सामग्री, या उसके किसी भाग की प्रतिलिपि बनाने, पुनरुत्पादन, स्क्रैपिंग,

प्रकाशन, सार्वजनिक संचार, संचारण, बिक्री, लाइसेंसिंग, वितरण, स्थानांतरण, अनुकूलन, संशोधन, अनुवाद, पृथक्करण, विघटन, रिवर्स इंजीनियरिंग, व्युत्पन्न कार्य करने या दोहन जैसे कार्यों में शामिल ना हों। यह आवश्यक है कि आप सामग्री, हमारी वेबसाइट या मोबाइल ऐप से किसी भी कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, या मालिकाना अधिकार नोटिस को हटाने या मिटाने से बचें। इसके अलावा, आपको सामग्री की सभी अधिकृत प्रतियों पर ऐसे सभी नोटिसों को पुनःप्रस्तुत करना आवश्यक है। हमारी वेबसाइट, मोबाइल ऐप तथा/अथवा सामग्री का अनधिकृत उपयोग, इन शर्तों का उल्लंघन करना है जो संभावित रूप से कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और अन्य प्रासंगिक कानूनों का उल्लंघन भी हो सकता है, और इसके परिणामस्वरूप उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

5.3 You must always follow applicable anti-corruption and anti-bribery laws.

**5.3**आपको हमेशा लागू भ्रष्टाचार-विरोधी और रिश्वत-विरोधी कानूनों का पालन जरूर करना चाहिए।

**6. Liability and Indemnity**

## 6. दायित्व और क्षतिपूर्ति

6.1 myZoi shall not be liable to you for any delay, loss, or damage arising from circumstances beyond its control, including but not limited to technical failures, force majeure events or regulatory actions.

**6.1MyZoi** अपने नियंत्रण से परे की परिस्थितियों से उत्पन्न होने वाली किसी भी देरी, हानि या क्षति के लिए आपके प्रति देनदार नहीं होगा, जिसमें तकनीकी विफलताएं, अप्रत्याशित घटना या विनियामक कार्रवाइयां शामिल हैं, पर यह केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

6.2 The Beneficiary agrees to indemnify and hold myZoi harmless from any claims, losses, or liabilities arising from any breach of these Terms, inaccurate information provided by the Beneficiary, or any unauthorized use of the Mobile App.

**6.2**लाभार्थी इन शर्तों के किसी भी उल्लंघन, लाभार्थी द्वारा प्रदान की गई गलत जानकारी, अथवा मोबाइल ऐप के किसी भी अनधिकार उपयोग से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे, हानि या देनदारियों की क्षतिपूर्ति करने और **MyZoi** को हानिरहित रखने के लिए सहमति प्रदान करते हैं।

## 7. Governing Law and Jurisdiction

These Terms shall be construed, interpreted, and applied in accordance with, and shall be governed by, the laws the Emirate of Dubai and (to the extent applicable in the Emirate of Dubai) the laws of the United Arab Emirates and the courts of Dubai shall have exclusive jurisdiction to entertain any dispute or suit arising out of or in relation to these Terms.

## 7. कानून और क्षेत्राधिकार संबंधी अभिशासन

इन शर्तों को दुबई के अमीरात के कानूनों और (दुबई के अमीरात में लागू सीमा तक) संयुक्त अरब अमीरात के कानूनों के अनुसार समझा, व्याख्यित और लागू किया जाएगा और उनके द्वारा शासित किया जाएगा, और इन शर्तों से उत्पन्न या उनके संबंध में किसी भी विवाद या मुकदमे पर विचार करने का विशेष क्षेत्राधिकार दुबई की अदालतों के पास होगा।

## 8. Amendments

## 8. संशोधन

8.1 myZoi reserves the right to amend these Terms at any time. The Beneficiary shall be notified of any changes and continued use of the Mobile App constitutes acceptance of the amended terms.

**8.1myZoi** के पास किसी भी समय इन शर्तों में संशोधन करने का अधिकार आरक्षित है। लाभार्थी को किसी भी बदलाव के बारे में सूचित किया जाएगा और मोबाइल ऐप का निरंतर उपयोग करना, संशोधित शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा।

8.2 These Terms and any amendments made to them will be made available to you at https://myzoi.com / and on our Mobile App, it is strongly recommended that you return to our website or our Mobile App on a regular basis to review the latest version of the Terms. These Terms replace all prior discussions and documents relating to the use of our Mobile App except where we advise you otherwise.

**8.2**ये शर्तें और उनमें किए गए कोई भी संशोधन आपको https://myzoi.com/ और हमारे मोबाइल ऐप पर उपलब्ध कराए जाएंगे, दृढ़ता से यह अनुशंसा की जाती है कि आप शर्तों के नवीनतम संस्करण की समीक्षा के लिए नियमित आधार पर हमारी वेबसाइट या हमारे

मोबाइल ऐप पर वापस आएं। ये शर्तें हमारे मोबाइल ऐप के उपयोग से संबंधित सभी पूर्व चर्चाओं और दस्तावेजों को प्रतिस्थापित करती हैं, सिवाय इसके जहां हम आपको अन्यथा सलाह प्रदान करते हैं।

**9. Termination**

**9.** समापन

9.1 Either party may terminate these Terms at any time, with or without cause, by providing written notice to the other party. You can close your Account by sending written notice via the email address provided on our Mobile App.

**9.1**कोई भी पार्टी, दूसरी पार्टी को लिखित सूचना देकर किसी भी समय, कोई कारण देकर या बिना कोई कारण बताए इन शर्तों को समाप्त कर सकती है। आप हमारे मोबाइल ऐप पर दिए गए ईमेल पते के माध्यम से लिखित सूचना भेजकर अपना खाता बंद कर सकते हैं।

9.2 Upon termination, your access to the Mobile App will be immediately suspended. You agree to cease using the Mobile App for receiving funds and acknowledge that any pending or future transactions will be cancelled.

**9.2**समाप्ति पर, मोबाइल ऐप तक आपकी एक्सेस को तुरंत निलंबित कर दिया जाएगा। आप फंड प्राप्त करने के लिए मोबाइल ऐप का उपयोग बंद करने के लिए सहमत हैं और स्वीकृति देते हैं कि कोई भी लंबित या भविष्य का ट्रांजैक्शन रद्द कर दिया जाएगा।

9.3 myZoi reserves the right to terminate or suspend Accounts at its sole discretion, including but not limited to instances of suspected fraud, misuse, or violation of the terms of use.

**9.3myZoi** अपने विवेक के आधार पर खातों को समाप्त करने या निलंबित करने का अधिकार आरक्षित रखता है, जिसमें संदिग्ध धोखाधड़ी, दुरुपयोग या उपयोग की शर्तों के उल्लंघन के मामले शामिल हैं, लेकिन यह केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

**10. Contact Information**

**10. संपर्क जानकारी**

For inquiries, assistance or reporting suspicious transactions, please utilize the contact details provided on the Mobile App.

पूछताछ, सहायता या संदिग्ध ट्रांजैक्शन की रिपोर्ट करने के लिए, कृपया मोबाइल ऐप पर दिए गए संपर्क विवरण का उपयोग करें।

## 11. Communication

## 11. संचार

11.1 By accepting these Terms, you hereby request and expressly authorise us and our employees or agents to communicate with you, and accept instructions from you or with your approval (i) on the phone number you provide us; (ii) in writing by email or at the address you have provided us including through documents uploaded by you through your Account, Mobile App or otherwise; and/or (iii) any other mode and form as may be determined appropriate by us from time to time.

**11.1** इन शर्तों को स्वीकार करके, आप इसके द्वारा हमें और हमारे कर्मचारियों या एजेंटों को आपसे संवाद करने का अनुरोध करते हैं और स्पष्ट रूप से अधिकृति प्रदान करते हैं, और आपसे या आपकी मंजूरी से ये निर्देश स्वीकार करते हैं (i) आपके द्वारा हमें प्रदान किए गए फोन नंबर पर; (ii) ईमेल द्वारा या आपके द्वारा हमें प्रदान किए गए पते पर लिखित रूप में, जिसमें आपके खाते, मोबाइल ऐप या अन्यथा आपके द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ शामिल हैं; तथा/अथवा (iii) कोई अन्य तरीका और फॉर्म जो समय-समय पर हमारे द्वारा उचित निर्धारित किया जा सकता है।

11.2 By engaging in communication with our representatives via telephone, you provide your consent for the recording of all such telephone calls for any purpose deemed necessary. This consent is granted in accordance with applicable laws. The records of these communications, maintained by us, shall be considered conclusive and binding evidence of both the nature and content of said communications.

**11.2** टेलीफोन के माध्यम से हमारे प्रतिनिधियों के साथ संचार में शामिल होकर, आप जरूरी समझे जाने वाले किसी भी उद्देश्य के लिए ऐसे सभी टेलीफोन कॉलों की रिकॉर्डिंग के लिए अपनी सहमति प्रदान करते हैं। यह सहमति लागू कानूनों के अनुसार प्रदान की गई है। हमारे द्वारा बनाए रखे गए इन संचारों के रिकॉर्ड को उक्त संचार की प्रकृति और सामग्री दोनों का निर्णायक और बाध्यकारी साक्ष्य माना जाएगा।

11.3 You must immediately notify us of any changes or updates to your contact information. You can do this through the Mobile App.

**11.3** आपको अपनी संपर्क जानकारी में किसी भी बदलाव या अपडेट के बारे में हमें तुरंत सूचित करना जरूरी है। ऐसा आप मोबाइल ऐप के जरिए कर सकते हैं।

By accepting these Terms, you acknowledge that you have read, understood, and agreed to the terms outlined above.

इन शर्तों को स्वीकार करके, आप स्वीकृति देते हैं कि आपने ऊपर उल्लिखित शर्तों को पढ़, समझ लिया है और उनसे सहमत हैं।